तापमान

अधिकतम 000 डिग्री

न्यूनतम 000 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर साहू समाज की निकली बाइक...





13 डेढ़ गुना दाम में भी नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर












## वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्र में अतिक्रमण, आरोपी गिरफ्तार

- टाइगर रिजर्व के तौरेंगा बफर क्षेत्र के पांच हेक्टेयर जंगल में कब्जा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





टाइगर रिजर्व के तौरेंगा क्षेत्र में वृक्षों को सुखाकर 5 हेक्टेयर जंगल में अतिक्रमण करने वाले आरोपी को वन विभाग ने जल भेज दिया है। अतिक्रमण के मामले में वनरक्षक की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

वन परिसर गाजीमुड़ा आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक-1180 में आरोपी ने अवैध रूप से प्रवेश कर 5.011 हेक्टेयर जंगल में अतिक्रमण कर लिया था। वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) की टीम ने मिश्रित प्रजाति के खड़े वृक्षों की अवैध कटाई 9 नग 2300 घनमीटर ईमरती, मिश्रित प्रजाति के खड़े वृक्षों की गड़लिंग 7 नग 2340 घनमीटर ईमरती तथा 46-60, 61-90 की साइज के 41 नग मिश्रित प्रजाति का खूंटा 2540 घनमीटर से घेराव करने वाले आरोपी मनोज कुमार मरकाम 51 वर्ष ग्राम कोचेंगा तहसील मैनपुर के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया। न्यायालय गरियाबंद के समक्ष पेश कर रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि अतिक्रमण के संबंध में उसे गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। वन्य प्राणी रहवास क्षेत्र में 5 हेक्टेयर अतिक्रमण से मानव-वन्य प्राणी द्वंद को निमंत्रण दिया जा रहा था। इसी तरह 850 हेक्टेयर जंगल में हुए अतिक्रमण को हटाया जा चुका है। अब नये चरण से फिर आक्रमक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में वन रक्षक की भूमिका संदिग्ध है। इसकी जांच की जा रही है।

विभागीय कार्रवाई में तौरेंगा परिक्षेत्र अधिकारी केजूराम कोरचे, वनरक्षक विनोद कुमार ठाकुर, चौकीदार उदेराम यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## सूखे कुएं में गिरी मादा चीतल का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उत्तर सिंगपुर रेंज के एक सूखे कुएं में गिरी मादा चीतल का वन विभाग ने सफल रेस्क्यू किया है। उत्तर सिंगपुर रेंज के ट्रेनी आईएफएस अधिकरी सुश्री मृगजा यादव ने बताया कि शनिवार की सुबह 9 बजे वन विभाग को सूचना मिली कि ग्राम अंजोरा में एक सूखे कुएं में चीतल ने छलांग लगा दी है जिसे महुआ बीनने वालों ने देखा है। खबर मिलते ही रेस्क्यू के लिए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आईएफएस सुश्री यादव ने बताया कि चीतल के रेस्क्यू के पहले ध्यान यह रखना था कि लोगों को देखकर चीतल न डरे। इससे कार्डियक अरेस्ट भी हो सकता था। पहले बांस की सीढ़ी बनाकर उसे कुएं से निकालने का प्रयास किया गया। चीतल के डर को देखते हुए ग्रामीणों से मछली जाली मंगवाई गई। मछली जाली के चारों कोनों को बांधकर कुएं में डाला गया। फिर फायर वाचर कुएं में उतरकर पांच मिनट चुपचाप खड़ा रहा। मादा चीतल जब फायर वाचर के करीब पहुंची तो उसकी आंख पर पहले पट्टी बांधी गई। पैरों को रस्सी में बांधकर जाली में लिटाकर उसे बाहर निकाला गया। पैर की रस्सी और आंख की पट्टी खोलते ही वह जंगल की ओर भाग निकली। चीतल 5 से 6 वर्ष की है। 15 से 20 फीट कुआं में गिरने के बाद भी वह स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि कुएं का चबूतरा एक तरफ जमीन के बराबर होने की वजह से चीतल कुएं में गिर गई होगी। इस रेस्क्यू में उत्तर सिंगपुर रेंज के स्टाफ प्रताप साहू, रजनी शर्मा, पोखराज नेताम, देवलाल ध्रुव, ऋषभ का प्रमुख सहयोग रहा।



उत्तर सिंगपुर रेंज के ग्राम अंजोरा की घटना




## खबर संक्षेप



### राजपुर में कर्मा जयंती आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती 15 मार्च रविवार को मनाई जाएगी। सुबह 11 बजे कथा पूजा आरती, दोपहर 1 बजे कलश यात्रा, रात्रि में 8 बजे मोर नान्हे संगवारी रामधुनी पार्टी जोरातराई (सिलौटी) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, सचिव यादराम साहू, कोषाध्यक्ष किशुन साहू ने दी है।

### कर्मा जयंती एवं साहू भवन का लोकार्पण आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम चरोटा में साहू समाज की कुलदेवी माता कर्मा के जन्मोत्सव पर मां कर्मा जयंती समारोह व नवनिर्मित साहू भवन का लोकार्पण कार्यक्रम 15 मार्च रविवार को होगा। सुबह 9 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक कुरुद अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता पूजा सिन्हा सभापति जिला पंचायत, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद करेंगी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र कोर्रा, मुकेश साहू संगठन सचिव परिक्षेत्र साहू समाज, सरस्वती साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, रेखा साहू जनपद सदस्य, भनेतन पटेल सरपंच चरोटा, देवदास उपसरपंच होंगे।

### कोसमर्रा में कर्मा जयंती आज मनेगी

**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा ग्रामीण साहू समाज द्वारा 15 मार्च रविवार को भक्ति माता कर्मा की जयंती मनाई जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कुलेश्वर साहू सरपंच, अनंतलाल साहू पूर्व अध्यक्ष होंगे। विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश साहू, ओमप्रकाश साहू, उत्तम साहू, संजीवन गंगबेर, रूपचंद साहू, उत्तम होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से होगा। साहू समाज द्वारा कलशयात्रा निकाली जाएगी जो गांव का भ्रमण करते हुए साहू समाज भवन में समाप्त होगी। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के संरक्षक ओमप्रकाश साहू, रोहित सोनकर, उपाध्यक्ष अमित, सचिव अश्वनी बनपेला, नीलकंठ साहू, परमेश्वर साहू, हीराबाई साहू समेत समाजजन जुटे हैं।

### मेंडरका में कर्मा जयंती 15 को

**सिर्री।** ग्रामीण साहू समाज मेंडरका द्वारा 15 मार्च को साहू भवन में संत माता कर्मा का जयंती कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता कृष्णकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि हरिनारायण साहू, नेमिन सिन्हा सरपंच मेंडरका, टेकराम साहू, रूपेश्वरी साहू, जागेश्वर साहू, भूषण साहू, ठाकुरराम साहू, देवचरण साहू, बुधुराम साहू, सनत साहू, रूपराम साहू होंगे। समाज के अध्यक्ष कुंजुराम साहू ने जनमानस से उपस्थित की अपील की है।

### गुजरा में कर्मा जयंती पर निकलेगी कलश यात्रा

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत गुजरा में आज 15 मार्च को भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। ग्रामीण साहू समाज गुजरा के मुख्य पदाधिकारी भूषण साहू ने बताया कि आज साहू समाज भवन प्रांगण में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः10 बजे ध्वजारोहण, भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से किया जाएगा। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी जो गांव की गलियों का भ्रमण करते हुए वापस साहू समाज भवन में समाप्त होगी। कार्यक्रम के अतिथि फागेश्वरी साहू जनपद सदस्य डोमा, दुर्गेश्वरी साहू सरपंच गुजरा, अमरदीप साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रेखराम साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, सुनील साहू उपसरपंच, गौकरण साहू पूर्व विधायक प्रतिनिधि, नंदलाल साहू ग्राम पटेल, मनहरण साहू, डोमन साहू, भूषण साहू, उत्तम साहू, धर्म साहू, विशाल साहू, आशाराम साहू, मुकुंद साहू, द्विजराम साहू होंगे।

---

जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मादक पदार्थों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई

# श्मशान घाट में गांजा की अवैध बिक्री करते नाबालिग सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्मशान घाट में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करते नाबालिग सहित युवक को गिरफ्तार किया है।

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार विशेष अभियान चलाकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से महिमासागर वार्ड के नहरपार स्थित मुक्तिधाम के पास दो युवकों द्वारा अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को देख गांजा खरीदने गए



कुछ लोग मौके से भाग गए। वहीं मौके पर मौजूद दो संदेहियों को पकड़कर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में एक ने अपना नाम मुकेश सोनकर उम्र 22 वर्ष रामपुर वार्ड बताया व दूसरा विधि से संघर्षरत बालक था। तलाशी लेने पर नाबालिग के कब्जे से 488 ग्राम अवैध गांजा कीमत 24 हजार 400 रूपये व मुकेश सोनकर के कब्जे से गांजा की बिक्री रकम 4 हजार 500 रूपये कुल 28 हजार 900 रूपये जब्त की गई। पुलिस ने कोतवाली में धारा 20-ख नॉरकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मुकेश सोनकर पिता राधेश्याम उम्र 22 वर्ष निवासी रामपुर वार्ड मूल निवास कारगिल चौक महिमासागर वार्ड को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है। वहीं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# नेटबॉल में चमका कुरूद कॉलेज

- सेक्टर प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर अंतरमहाविद्यालयीन नेटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय कुरूद की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया है। दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वारा माधवराव सप्रे मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुरूद कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के दौरान कुरूद की टीम का सफर बेहद प्रभावशाली रहा। अपने पहले ही मुकाबले में टीम ने नया रायपुर को 23-3 के एकतरफा अंतर से करारी शिकस्त दी। इसके बाद सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में मेजबान दुर्गा



महाविद्यालय रायपुर को 15-12 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले में कुरूद का सामना पिछले वर्ष की चैंपियन बलौदाबाजार (भाटापारा) की टीम से हुआ। इस रोमांचक और संघर्षपूर्ण मैच में कुरूद की टीम को कड़ी चुनौती के बाद हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बेहतर खेल की बदौलत टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

इस उपलब्धि को हासिल करने वाली टीम में हिमांशु, मधुकांत, नोमेश साहू, शुभम, चंदन साहू, करण और गौकरण शामिल रहे। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन और अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू सहित महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज जिला धमतरी का वार्षिक अधिवेशन ग्राम परखंदा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता किसुन चक्रधारी अध्यक्ष कुम्भकार समाज जिला धमतरी करेंगे। विशेष अतिथि शंभुनाथ चक्रवर्ती अध्यक्ष माटी कला बोर्ड छग, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी व विशिष्ट अतिथि ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नपा कुरूद, नंदकुमार चक्रधारी अध्यक्ष छग कुंभकार समाज, हेमलाल कौशिक महामंत्री छग कुंभकार समाज, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य नारी, महेश ध्रुव जनपद सदस्य, माधुरी मोहित साहू सरपंच, श्यामलाल चक्रधारी सरंक्षक छग कुम्भकार समाज, इतवारी राम चक्रधारी सलाहकार, हरिराम कुंभकार, भगवती प्रसाद चक्रधारी होंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में संतोष चक्रधारी जिला प्रतिनिधि, ओमप्रकाश चक्रधारी, तेनसिंग चक्रधारी, डोमन चक्रधारी, भीखम चक्रधारी, डा. राजेश चक्रधारी जुटे हुए हैं। यह जानकारी केन्द्र प्रधान संतोष चक्रधारी ने दी है।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यातायात पुलिस ने शहर में विशेष अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़े चार वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

शहर में सुगम व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की

**यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान**







जा रही है। इसी क्रम में शहर में रोड किनारे नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा धारा 117 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों पर प्रति वाहन 300 रूपये के हिसाब से 1200रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है।

# मेघा में शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत मेघा के शीतला चौक में शेड निर्माण व महतारी सदन में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य मीना साहू ने किया।

मौके पर मनीषा ध्रुव सरपंच समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कोसरिया मरार पटेल समाज ने मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी नगर का होली मिलान पटेल समाज सभाभवन आमापारा जालमपुर रोड में हुआ। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी। आगामी 29 मार्च को आयोजित धमतरी राज समाज के वार्षिक अधिवेशन में समाजजनों से उपस्थिति की अपील पदाधिकारियों द्वारा की गई।

कार्यक्रम में धमतरी राज महासंरक्षक बिशेषर पटेल, राज अध्यक्ष सगुन पटेल, नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, नगर सचिव प्रहलाद पटेल, केशु पटेल, गजेंद्र पटेल, रोशन पटेल, चन्दन पटेल, देवराज पटेल,





राजा, मुकेश, संतोष , महेंद्र, ललित पटेल, सतीश पटेल, प्रमोद, लखन पटेल, अर्जुन पटेल उपस्थित थे।

# थुहा में कक्षा 8वीं के छात्रों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती टुपेश्वरी साहू ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त करने तथा जीवन में शिष्टाचार व संस्कार को जीवन में अमल करने की शिक्षा दी। संस्था प्रधान एमके साहू ने अपनी मंजिल पाने व अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने की बात कही। मौके पर शिक्षक प्रेमलता साहू, धनेश्वरी साहू, पायल साहू, पूजा साहू, कौशिल्या चन्देल, लीलेश्वरी यादव, सोनिया कुर्रे, भुनेश्वर कौशल एवं सुदामा यादव उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि 19 से, मंदिरों में तैयारी शुरू

- इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे 9 दिन का होगा, भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि का पर्व 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है यह भक्ति और शक्ति आराधना का पर्व है। इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना भी की थी।

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिन की होगी। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील तिवारी गुजरा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि 19 मार्च गुरुवार से प्रारंभ होगी। घट स्थापना अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करने का शुभ मुहूर्त सुबह 6:52 से 7:42 तक और अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:36 से दोपहर 12:24 तक है। 23 मार्च सोमवार को पंचमी तिथि है। 26 मार्च गुरुवार को महाअष्टमी हवन पूजन, 27 मार्च को नवमी, रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे 9 दिन का होगा। मंदिरों में तैयारी जोरों से चल रही है। मंदिरों में अखंड ज्योति के लिए शुल्क निर्धारित



किया गया है। भखारा चंडी मंदिर में अखंड ज्योति तेल 951रू, घी के लिए 1951 रु. शुल्क निर्धारित है। देवरी के खल्लारी मंदिर में तेल 701 रुपए, घी के लिए 1601 रू, गुजरा के शीतला मंदिर में 1001 रु, अमलीडीही में 701, डोमा, खम्हरिया, कुरमातराई, रींवागहन, कोसमर्रा, राम मंदिर सिहाद, सतबहिनी दरगहन 901, पीपरछड़ी, देमार, रांवा, कोर्रा, बागतराई, रामपुर, निपानी टिपणी, पचपेड़ी मड़ईभाा, बेलवाकूदा में अखंड ज्योति के लिए 901 और घी ज्योति के लिए 1601 रुपये शुल्क रखा गया है। कुछ घरों में अपनी आराध्य देवी के नाम से अखंड ज्योति के साथ जंवारा भी बोया जाता है। नौ दिनों तक जस गीत के माध्यम से देवी की सेवा की जाती है। दसवें दिन सेवा गीत भजन मंडली के साथ अखंड ज्योति जंवारा को पवित्र नदी में विसर्जन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर की कुलदेवी प्रसन्न होती है और घर में सुख, समृद्धि के लिए आशीर्वाद देती है।

# किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित





- एनएसएस शिविर के बौद्धिक सत्र में कृषि विस्तार अधिकारी ने दी किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शासकीय आईटीआई कुरूद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्राम जीजामगांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न जागरूकता एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रभातफेरी एवं स्वच्छता अभियान के साथ की गई। शिविर के दौरान बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य एवं कुपोषण से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को शिक्षादान कर अध्ययन में सहयोग प्रदान किया गया।

बौद्धिक सत्र में जिला धमतरी के ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रभान मरावी ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

कृषि विस्तार अधिकारी खिलेश्वर खूंटे ने किसानों को जैविक खेती के महत्व, लाभ एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर का संचालन डॉ. चमनलाल पाल कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रीति साहू ने किया।

किसानों, गौ पालकों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े लोगों को मिलेगा लाभ

# छाती में बनेगा आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी में विकास की नई कड़ी लगातार जुड़ती जा रही है। ग्राम छाती में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की स्वीकृति मिली है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों, गौ पालकों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

प्रस्तावित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के स्थापित होने से धमतरी और आसपास के क्षेत्र में उत्पादित दूध का संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन आधुनिक तकनीक के माध्यम से किया जा सकेगा। अभी तक कई बार दुग्ध उत्पादकों को उचित बाजार और उचित मूल्य नहीं मिल पाता, लेकिन इस प्लांट के शुरू होने से दूध उत्पादकों को सीधे लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी जिला कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में समृद्ध है। यहां बड़ी संख्या



में किसान और गौ पालक डेयरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना से स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को अपने दूध के लिए बेहतर बाजार मिलेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य भी प्राप्त होगा।

इस प्लांट के शुरू होने से दुग्ध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे घी, दही, पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पादों का निर्माण भी स्थानीय स्तर पर संभव होगा। इससे डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

महापौर ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ धमतरी को दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी प्रयास का परिणाम है कि जिले में विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना से न केवल किसानों और गौ पालकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि धमतरी जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिलेगी। आने वाले समय में यह परियोजना जिले के दुग्ध उत्पादन और डेयरी व्यवसाय को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महापौर श्री रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी क्षेत्र में अब उद्योग की स्थापना से रोजगार मिलेगा।

# दरबा में रामायण प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम दरबा में ग्रामवासियों और जय मां शीतला नवयुवक मंडल समिति द्वारा 14, 15, 16 मार्च को रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रत्येक दिन 10 मंडलियां शामिल होंगी।

सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि यहां सामाजिक व धार्मिक कार्यों में ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है। एकजुटता से सभी कार्य संपन्न होते हैं।

## खबर संक्षेप

### केरेगांव के जंगल में लगी आग

**धमतरी।** गर्मी बढ़ने के साथ जंगल में आगजनी की घटना होने लगी है। शनिवार को केरेगांव के जंगल में लगी आग पर वन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया।

- फायर वाचरों ने सूझबूझ से आग पर पाया काबू

वन विभाग धमतरी के एसडीओ मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को केरेगांव परिक्षेत्र के कक्ष क्र. 138 में आग लगने की खबर मिली। मौके पर मौजूद फायर वाचरों ने सूझबूझ से आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि करीब एक एकड़ जंगल को आग से नुकसान हुआ है। आगजनी की घटना महुआ बीनने वालों द्वारा सूखे पत्तों को जलाने से होना प्रतीत हो रही है।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना पखांजुर अंतर्गत पखांजुर निवासी 50 वर्षीय रामकृष्ण मंडल पिता स्व. प्रियालाल खेत की ओर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 13 मार्च को अज्ञात कारणों के चलते खेत की ओर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घर में लगा ली फांसी अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत बोटेचांग निवासी 48 वर्षीय महेश नुरूटी पिता सम्भू नुरूटी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने 12 से 13 मार्च के बीच अज्ञात कारणों के चलते घर के म्यार में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दो शराब कोचिए से 29 लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर की पुलिस और भानुप्रतापपुर पुलिस ने 13 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए को धर दबोचा और उनके कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया। थाना कांके पुलिस ने मललडोबरी निवासी 45 वर्षीय घनश्याम नेताम पिता रामसिंह के कब्जे से 21 लीटर महुआ शराब कीमत 2 हजार 100 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त किया। थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने भानबेड़ा निवासी 38 वर्षीय राजू उसेंडी पिता झाडूराम के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब को जप्त। दोनो आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन मेजर एंड वाटरशेड मैनेजमेंट एक्सरसाइज पर कार्यशाला

# आईएफएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने लिया भू-जल संरक्षण व कूप विदोहन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून द्वारा वर्ष 2025-26 बैच के 133 भारतीय वन सेवा (आईएफएस) प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन मेजर एंड वाटरशेड मैनेजमेंट एक्सरसाइज विषय पर 8 से 15 मार्च तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में 9 मार्च को परिक्षेत्र दक्षिण सिंगपुर के पम्पारनाला में तथा 11 व 12 मार्च को कांसानाला, लकलकीनाला, कुसुमपानी नाला और दुगली परिक्षेत्र के साजापानी नाला में प्रशिक्षु अधिकारियों को भू-जल संरक्षण से संबंधित फील्ड प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 14 मार्च को नगरी उत्पादन परिक्षेत्र के कूप एस.सी.आई. भैंसामुड़ा, मटियाबाहरा कक्ष क्रमांक-333 तथा बिरगुड़ी उत्पादन परिक्षेत्र के कूप एस.सी.आई. नेगीनाला कक्ष क्रमांक-447 में कूप विदोहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों को कूपों के सीमांकन, मार्किंग-चिन्हांकन, पातन (कटाई) तथा लगुण तैयार करने की वैज्ञानिक पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि धमतरी वनमंडल की कार्ययोजना के कक्ष के अनुसार वृक्षों का चिन्हांकन किस प्रकार किया जाता है और कूप का सीमांकन कैसे किया जाता है। साथ ही यह भी समझाया गया कि पातन के दौरान अन्य वृक्षों को न्यूनतम नुकसान पहुंचाते हुए चिन्हित पेड़ों की कटाई कैसे की जाती है। कटाई के बाद प्राप्त लकड़ी से इमारती लकड़ी, लट्ठा और बल्ली तैयार करने की प्रक्रिया को लगुण कहा जाता है। इस वैज्ञानिक पद्धति से प्राप्त इमारती काष्ठ का ई-आक्शन के माध्यम से विक्रय किया जाता है, जिससे शासन को अधिकतम राजस्व प्राप्त होता है।

प्रशिक्षण के दौरान भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने वन धन विकास केंद्र दुगली का भी अवलोकन किया। यहां उन्हें हर्रा, बहेड़ा, त्रिफला, अश्वगंधा, कालमेघ, तिखुर और एलोवेरा जैसे लघु वनोपज से तैयार होने वाले उत्पादों की जानकारी दी गई। वन धन केंद्र का संचालन मां बम्लेश्वरी और जागृति बालिका स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, जो आयुष, कॉस्मेटिक और खाद्य उत्पादों के निर्माण में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। समूह की महिलाएं पारंपरिक जड़ी-बूटियों के ज्ञान का उपयोग कर प्राकृतिक औषधियां तैयार करती हैं और स्थानीय वनों से प्राप्त जड़ी-बूटियों का सतत व विनाश रहित उपयोग सुनिश्चित करती हैं।

वनमंडल धमतरी के डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को वन क्षेत्रों में किए जाने वाले तकनीकी और प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ लघु वनोपज के प्रसंस्करण की जानकारी दी। मार्गदर्शन के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.श्रीनिवास राव, श्रीमती शालिनी रैना अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त मणिवासगन एस., श्रीमती एम. मर्सीबेला मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त, गणवीर धम्मशील डीएफओ बलौदाबाजार, आयुष जैन डीएफओ राजनांदगांव, दिनेश कुमार पटेल, रौनक गोयल डीएफओ कांकेर, दिपेश कपिल डीएफओ दुर्ग, अभिषेक अग्रवाल डीएफओ बालोद का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, डिप्टी रेंजर, वनपाल, बीटगार्ड, एनआरएम इंजीनियर्स और वनमंडल कार्यालय के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## किसानों एवं आदिवासियों के प्रति समर्पित थे सुखराम नागे



- महाविद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी सुखराम की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी सुखराम नागे की पुण्यतिथि के अवसर पर 13 मार्च को प्राचार्य डा मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो हितेशानंद ठाकुर के संयोजन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया कि सुखराम नागे का जन्म 15 जनवरी 1918 को नगरी सिहावा क्षेत्र के ग्राम हिंछापुर में हुआ था। श्री नागे ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सक्रिय रूप से जंगल सत्याग्रह में भागीदारी की और नगरी सिहावा क्षेत्र में जल, जंगल जमीन के लिए संघर्ष किया। सुखराम नागे किसानों एवं आदिवासियों के प्रति समर्पित थे। सुखराम नागे धोती कुर्ता पहनते थे एवं लाल रंग की टोपी पहनते थे। उनके नेतृत्व में जल , जंगल और जमीन के लिए जो आंदोलन चलाया गया उसे लाल टोपी आंदोलन के नाम से जाना जाता है। 13 मार्च 1961 को गरीब, मजदूर, किसान और आदिवासियों के हितैषी सुखराम का निधन गट्टासिल्ली में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखराम नागे ने जीवन पर्यंत अन्याय शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर विषमता रहित समाज की स्थापना पर जोर दिया। शासन ने 2008 में क्षेत्र के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखराम नागे के नाम पर नामकरण कर सम्मान एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो. हितेषानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. कौशल नायक, डॉ. कविता, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सुश्री प्रियंका सिंह, श्रीमती ललिता कोकिला, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## विकास कार्यों को मिली गति, 31 लाख से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। इसी कड़ी में विभिन्न वार्डों में होने वाले विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

वार्ड क्रमांक 8 में लंबे समय से अधूरे पड़े गौरव पथ निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए 14 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वार्ड की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 666000 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 5 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, वार्ड क्रमांक 8 पार्षद जयंती टुकेश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 5 पार्षद विनीता कोठारी, अलका साव, नरेश पटेल, यशकरण पटेल, मिकी गुप्ता, भनेंद्र ठाकुर, मोहन नाहटा, पेमेन स्वर्णबेर, ललित साहू, रेखु साहू, संकेत चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगरवासियों के आशीर्वाद और सहयोग से नगर पंचायत नगरी में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर में हो रहे विकास कार्यों से नागरिकों के मन में नगर पंचायत के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

## बाबू पंढरीराव कृदत्त की जयंती पर लगी चित्र प्रदर्शनी





- बाबू के प्रयास से सामाजिक चेतना और संगठनात्मक कार्यों को नई दिशा मिली: रूपनारायण
- उनका जीवन समाज और संगठन के लिए समर्पित रहा: बिसराराम
- उनके आदर्श आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं: रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बाबू पंढरीराव कृदत्त की 104वीं जयंती पर शनिवार को नगर निगम के महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में विंध्यवासिनी माता मंदिर (गौशाला मैदान) के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बाबू पंढरीराव कृदत्त के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों, सामाजिक योगदान तथा राष्ट्रसेवा से संबंधित चित्रों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में छग योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि बाबू पंढरीराव कृदत्त ने धमतरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विस्तार और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राजमानस संघ की स्थापना कर समाज में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया। उनके प्रयास से धमतरी क्षेत्र में सामाजिक चेतना और संगठनात्मक कार्यों को नई दिशा मिली। बाबू पंढरीराव कृदत्त का जीवन समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि बाबू पंढरीराव कृदत्त का जीवन त्याग, समर्पण, साहस और राष्ट्रसेवा की भावना से परिपूर्ण रहा। उनके आदर्श आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। युवाओं को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता 15 से 30 मार्च तक आयोजित की जायेगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व छत्तीसगढ़ संघ चालक बिसराराम यादव ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी को देखकर बाबू पंढरीराव कृदत्त से जुड़ी पुरानी स्मृतियां ताजा हो गईं। उन्होंने उन्हें एक महान व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज और संगठन के लिए समर्पित रहा।

कार्यक्रम में बाबू पंढरीराव कृदत्त के पुत्र शिवाजी कृदत्त, प्रांत सह संघ चालक मोहन साहू, नगर संघ चालक रामलखन गजेंद्र, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, पूर्व जिला महामंत्री अविनाश दुबे, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के कविंद्र जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, शहर मंडल महामंत्री गौरव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल बरड़िया सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

### सार्थक स्कूल के बच्चों को दी फ्रूट एवं जूस पार्टी

**धमतरी।** मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में परीक्षाओं के प्रारंभ होने से पूर्व रायपुर निवासी अजीत कोटक ने विशेष बच्चों के लिए फ्रूट एवं जूस पार्टी का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार के ताजे फल और जूस प्रदान किए जिससे उनके चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट झलक रहा था। ज्ञात हो कि रायपुर निवासी अजीत कोटक सार्थक की सचिव स्नेहा राठौड़ के जीजाजी हैं। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि उनके जीजाजी को सार्थक के बच्चों से विशेष लगाव है। वे समय-समय पर धमतरी आकर बच्चों से मिलते हैं और उनके लिए स्वल्पाहार, फल, जूस अथवा गर्मी के दिनों में ठंडा शर्बत की व्यवस्था करते हैं। सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि विशेष बच्चों को भी परीक्षा का तनाव होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ सकता है। इसे कम करने के लिए बच्चों को पढ़ाई का नियमित रिवीजन कराया जाता है। फ्रूट पार्टी जैसे आयोजन से बच्चों को ताजगी और ऊर्जा मिलती है। मौके पर सार्थक की प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, काजल रजक, कौशिल्या यादव तथा सुनैना गोड़े उपस्थित थीं।

## अंकिता को मिला चाणक्य नेशनल लीडरशिप अवार्ड





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धमतरी की अंकिता रत्नेश मिश्रा (एनी) को चाणक्य नेशनल लीडरशिप अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्राह्मण समाज जिला धमतरी एवं तहसील ब्राह्मण समाज धमतरी के पदाधिकारियों तथा समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में महापौर रामू रोहरा के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथि प्रदेश कोषाध्यक्ष भारती, पूर्व विधायक रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद थे।

सम्मान प्राप्त होने पर अंकिता ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे समाज, परिवार और उन सभी लोगों का है जिन्होंने हमेशा उनका मार्गदर्शन और सहयोग किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे अवसर महिलाओं को अपनी क्षमता और नेतृत्व कौशल को पहचानने का अवसर देते हैं। आज महिलाएं शिक्षा, सामाजिक सेवा, प्रशासन, राजनीति और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए समाज और देश के विकास में अपनी भागीदारी और मजबूत करनी चाहिए।

## झरिया महार समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

झरिया महार समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाज के परगना अध्यक्ष श्रवण मेश्राम, चंद्रभान मेश्राम, नीलमणि पावरिया, सोमेश मेश्राम, हरिकिशन पावरिया, नरेंद्र बांडे, दीपक भीमगज, गायत्री नाग, उषा मेश्राम, देवकी मेश्राम, मिलाप मेश्राम, अशोक मेश्राम तथा रामेश्वर सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, एकता और प्रेम को बढ़ाने का कार्य करते हैं। लोगों ने आपस में मिलकर होली पर्व की खुशियां साझा कीं और समाज की एकजुटता को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

## कमजोरियों को दूर करने के तरीके सीखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के चार दिवसीय आवासीय कार्यक्रम डायनामाइज्म फॉर सेल्फ एंड नेशन डीएसएन का आयोजन सिंधी धर्मशाला आमापारा में किया गया। प्रशिक्षक नागपुर महाराष्ट्र के मिलिंद गुप्ता ने बताया कि यह एक ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें प्रतिभागियों को अपने कमजोरी की पहचान कर उसे दूर करना, अनावश्यक भय पर विजय पाना, अपनी सीमितताओं से बाहर आना, अपनी प्रतिभाओं को निखारने, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के तरीके सिखाए जाते हैं। वह अपनी असली ताकत की पहचान कर दिव्य समाज निर्माण के लिए भागीदार होते हैं साथ ही शरीर को स्वस्थ व मन को प्रसन्न व शांत रखने के लिए पद्मा साधना, प्राणायाम, ध्यान व सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है।

## सुरक्षा के साए में होगी बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच

- मूल्यांकन केंद्र में पहली खेप में 7 मार्च तक हुई परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। शिवसिंह वर्मा उमा शाला में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिओं की पहली खेप पहुंच चुकी है, जिसे सुरक्षा के साए में स्ट्रांग रूम में रखा गया है। सोमवार से मूल्यांकन का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। हाई एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षा लगभग समाप्त हो चुकी है। परीक्षा के समापन के साथ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू किया जा रहा है। मूल्यांकन के लिए इतवारी बाजार स्थित शिवसिंह वर्मा उच्चतर माध्यमिक शाला को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केंद्र में पहली खेप में 7 मार्च तक हुई परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं भेजी गई है। 16 मार्च से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार जिन बोरियों में उत्तरपुस्तिकाएं भेजी गई हैं, उसमें दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं हैं। कलर के हिसाब से पहचानकर इन्हें अलग रखा जाना है।

### टिफिन को छूट, बैग-मोबाइल बैन

उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान नियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा। मूल्यांकन में हाई एवं हायर सेकेंडरी के सभी व्याख्याताओं की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती बी. मैथ्यू ने बताया कि मूल्यांकनकर्ताओं को सुबह 10.30 बजे से पहले मूल्यांकन केंद्र पहुंचना होगा। मूल्यांकन शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। बैग, झोला आदि भी अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मूल्यांकनकर्ता टिफिन ला सकते हैं। मूल्यांकन केंद्र के अंदर केंटीन की भी सुविधा दी जाएगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बेलरगांव में कर्मा जयंती पर आज शोभायात्रा

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव में इस वर्ष भी ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर 15 मार्च रविवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे बाइक रैली से होगी। इसके बाद सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 11 बजे से अतिथियों का आगमन एवं मंचीय कार्यक्रम होगा। क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि चेता नेताम सरपंच होंगे। अध्यक्षता खेमराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव करेंगे।

### आज कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन

**नगरी।** साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 101वीं जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च को सुबह 9 बजे से कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में होगा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर साहू समाज नगरी के अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि पार्षद अलका साव, चेलेश्वरी साहू, जयंती साहू, डागेश्वरी योगेश साहू, हरिशंकर साहू, हदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, रामगोपाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, घनश्याम साहू, सहदेवराम साहू, कुलदीप साहू जिला मीडिया प्रभारी, गेंदलाल साहू तहसीलदार मैनपुर, गौतमचंद साहू, अनिरुद साहू, भरतलाल साहू, भूपेंद्र साहू, दिनेश कुमार साहू तथा अमृत लाल साहू होंगे।

### तालाबों में पानी छोड़ने की मांग

**धमतरी।** ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने शहर एवं आसपास के गांवों के तालाबों को भरने के लिए महानदी प्रबंधन के कार्यपालन अभियंता से पानी छोड़ने की मांग की है। उन्होंने यांत्रिक विभाग को पत्र लिखकर शहर और आसपास के तालाबों में पानी छोड़े जाने का आग्रह किया है, ताकि गर्मी के मौसम में जल स्तर बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में भू-जल स्तर तेजी से नीचे चला जाता है, जिससे पशु-पक्षियों और आम नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। श्री सोनकर ने बताया कि यदि समय रहते तालाबों को भर दिया जाए तो न केवल जलस्रोत सुरक्षित रहेंगे, बल्कि भू-जल स्तर भी संतुलित बना रहेगा। इससे शहर और आसपास के गांवों के लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी और पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था बनी रहेगी।



- जल विभाग के सभापति ने महानदी प्रबंधन के कार्यपालन अभियंता को लिखा पत्र

जगह-जगह फूलों की वर्षा कर रैली का स्वागत, समाज में एकता और उत्साह दिखा

# कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर साहू समाज की निकली बाइक रैली, गूंजे कर्मा माता के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को जिला साहू संघ धमतरी के तत्वावधान में शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया। हजारों समाजजनों की भागीदारी से निकली इस रैली ने पूरे शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना दिया। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया, वहीं कई स्थानों पर शरबत, पेयजल और नाश्ते की भी व्यवस्था की गई।

रैली की शुरुआत शाम करीब 3 बजे एकलव्य खेल मैदान से हुई, जहां समाज के सभी सदस्य एकत्रित हुए। इसके बाद समाजजनों ने विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया और जयकारों के साथ शहर भ्रमण पर निकले। बाइक रैली विंध्यवासिनी मंदिर से रामबाग, गणेश चौक, सदर बाजार, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोलबाजार, बालक चौक, घड़ी चौक होते हुए बस्तर रोड, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक, रुद्री रोड और लक्ष्मी निवास चौक से होते हुए गोकुलपुर स्थित मां कर्मा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली के दौरान समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। सभी ने भगवा और सिंदूरी रंग के वस्त्र धारण किए थे। माथे पर तिलक लगाए थे। गेरुआ पगड़ी बांधकर हाथों में ध्वज लेकर जय कर्मा माता के जयकारे लगा रहे थे। पूरे मार्ग में जगह-जगह आतिशबाजी की गई। प्रसादी व मिठाइयों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेश राम साहू, विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, ओंकार साहू विधायक धमतरी, श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक, दयाराम साहू पूर्व महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ, रामदयाल साहू, चित्तरंजन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू पूर्व जिलाध्यक्ष गण, श्रीमती शारदा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरूद ,जनपद अध्यक्ष कुरूद श्रीमती गीतेश्वरी साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मनीषा साहू, श्यामा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र साहू, श्रीमती निर्मला साहू, उपाध्यक्ष सुभाष साहू, श्रीमती दुर्गा साहू, उपाध्यक्ष लीलाराम साहू, लकेश्वर साहू, गोपाल साहू, रामगोपाल साहू, सुभद्रा साहू, महासचिव विजय कुमार साहू, हरिशंकर साहू, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, सचिव हिरेंद्र साहू, कमलेशकांत साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरुण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जागृति साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक सीमांत साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष चंद्रभागा साहू, ग्रामीण अध्यक्ष चिरौंजी साहू, भखारा तहसील अध्यक्ष कामता साहू, नगरी तहसील अध्यक्ष कंवलराम साहू तथा कुरूद तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मा जयंती के अवसर पर शहर के साथ-साथ जिले के विभिन्न ब्लॉक, तहसील और ग्रामीण क्षेत्र में भी भव्य बाइक रैली और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे समाज में एकता और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।



## गौवंश के संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : रोहरा





- घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी में गौधाम योजना का शुभारंभ
- जिला पंचायत धमतरी के सभागार में प्रसारण कार्यक्रम देखा और सुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य में गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी जिला बिलासपुर में राज्य स्तरीय गौधाम योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में किया गया। इसी क्रम में जिला पंचायत के सभागार में भी प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम के महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गौधाम योजना की जानकारी देते हुए प्रदेश में गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि गौधाम योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। गौधाम के माध्यम से बेसहारा मवेशियों की समुचित देखभाल होगी तथा इससे स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा। महापौर ने जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह योजना सफलतापूर्वक संचालित होगी और प्रदेश में गौसंरक्षण को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ठाकुर, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, महेंद्र पंडित, हेमराज सोनी, वीरेंद्र साहू, दीपक लखोटिया, दीपक ठाकुर, समाजसेवी गोदावरी साहू सहित जिला प्रशासन, पशुधन विकास विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगर निगम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत की आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य नगर निगम क्षेत्र में प्रारंभ कर दिया गया है। इस चरण के तहत शहर के सभी वार्डों में घर-घर जाकर भवनों में नंबरिंग की जा रही है।

नगर निगम के अधिकारियों एवं प्रगणकों और फील्ड ट्रेनर की नियुक्ति की जा चुकी है। शीघ्र सर्वे कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य शहर के प्रत्येक मकान का सटीक विवरण तैयार करना है, जिससे आगामी जनगणना के लिए आधारभूत आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे कार्य में लगे प्रगणकों एवं कर्मचारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जनगणना का यह प्रारंभिक कार्य शहर की जनसंख्या, आवासीय स्थिति एवं बुनियादी सुविधाओं के आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे भविष्य में विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके।



इसके लिए आयुक्त प्रिया गोयल और उपायुक्त पीसी सार्वा ने कर्मचारियों की बैठक भी ली है और आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने गंभीरता के साथ इस महत्वपूर्ण कार्य को करने के निर्देश दिए हैं। मकान सूचीकरण के कार्य को 25 मार्च तक पूर्ण करने कहा गया है।

# मुजगहन में मिली अर्धविक्षिप्त महिला का होगा इलाज

- न्यायालय से अनुमति मिलने पर पुलिस ने महिला को मानसिक चिकित्सालय सेन्द्री पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुजगहन घटना के बाद मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने न्यायालयीन आदेश पर सुरक्षित मानसिक चिकित्सालय सेन्द्री पहुंचा दिया है।

उल्लेखनीय है कि गुरूवार की शाम अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन के साइफन पारा में बच्चा चोरी करने के शक में लोगों ने एक अर्धविक्षिप्त महिला को अर्जुनी पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने महिला की सुरक्षा व उपचार को प्राथमिकता देते हुए तत्काल उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया। उसके बाद उक्त महिला की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे सुरक्षार्थ सखी सेन्टर के सुपुर्द किया ताकि महिला को सुरक्षित आश्रय मिल सके। इस दौरान पुलिस ने उक्त महिला के संबंध में जानकारी जुटाई। उसने अपना नाम कुमारी बाई सतनामी पिता सुगम सतनामी उम्र 41 वर्ष निवासी पिथौरा जिला महासमुंद बताया। मानसिक स्थिति सामान्य नहीं होने के कारण अर्जुनी पुलिस ने शुक्रवार को महिला का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया। परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने महिला की मानसिक स्थिति को देखते हुए उच्चस्तरीय उपचार की आवश्यकता बताई। इसे ध्यान में रखते हुए अर्जुनी पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धमतरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर महिला को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिये राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेन्द्री जिला बिलासपुर भेजने की अनुमति के लिए आवेदन किया। न्यायालय के आदेश के बाद महिला कुमारी बाई सतनामी को आवश्यक सुरक्षा के साथ मानसिक चिकित्सालय सेन्द्री बिलासपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।




## श्रीमद्भागवत कथा 19 से, ब्राम्हण बटुकों का उपनयन संस्कार 26 को



- सर्व ब्राम्हण महिला मंच व कौशल्या माता समिति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व ब्राम्हण महिला मंच व कौशल्या माता समिति ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह एवं ब्राम्हण बटुकों का उपनयन संस्कार कराने का निर्णय लिया गया है। जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम केवल ब्राम्हण के ही नहीं अपितु सर्व समाज के आराध्य हैं। वे शास्त्र एवं शस्त्र के वाहक हैं।

इस वर्ष 19 अप्रैल अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव के दिन से ही श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होगी। सातवें दिन 26 अप्रैल को ब्राम्हण बटुकों के उपनयन संस्कार के साथ कथा का समापन एवं पोथी यात्रा व बटुकों की बारात निकाली जायेगी। महिला मंच द्वारा राम मंदिर में भागवत आचार्य पंडित अशोक शास्त्री को श्रीफल भेटंकर कथा का संकल्प किया गया। उन्होंने बताया कि जिन भी ब्राम्हणों को उपनयन संस्कार करना है। वे पंजीयन करा सकते हैं। मौके पर अर्चना पांडेय, गौरी शर्मा, सीमा चौबे, शोभा दुबे, कविता मिश्रा, कौशल मिश्रा, प्रीति द्विवेदी, अंकिता मिश्रा, आयुषी पांडेय, प्रतिमा पांडेय, लक्ष्मी शर्मा, मेघा मिश्रा, सरिता मिश्रा, नेहा दुबे, मंजू शर्मा व युवा मंच के विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडेय, युवराज शर्मा, सूरज शर्मा, रितेश मिश्रा, आकाश शर्मा उपस्थित थे।



## लव जिहाद के प्रति जागरूकता के लिए 'केरला स्टोरी 2' का आज निःशुल्क प्रदर्शन

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व में समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज 15 मार्च को प्रशांत टॉकीज में फिल्म **'केरला स्टोरी 2'** का निःशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन लव जिहाद के प्रति सामाजिक जागरूकता और सनातन संस्कृति की सुरक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों महापौर रामू रोहरा, कैलाश बख्तानी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, दिग्विजय सिंह कृदत्त, जिला सहसंयोजक, डाकेश्वर साहू, सनत साहू का सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्रांत युवा आयाम दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है और इसके माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशांत टॉकीज में दो स्क्रीन पर कुल तीन शो आयोजित किए जाएंगे, जिनका समय दोपहर 12 से 3 बजे और 3 से 6 बजे तक रखा गया है। फिल्म देखने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, जिला सहसंयोजक चित्रेश साहू, डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, सनत साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, नगर संयोजक अभिषेक साहू, शिवांश पटवा, प्रचार आयाम गौरव साहू समाजिक जागरुकता लाने और सुरक्षा में निरंतर जुटे हुए हैं

## तीन पर्व पर मांस की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**धमतरी।** शहर में धार्मिक आस्था और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर आगामी विशेष पर्वों के दौरान मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार 20 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव, 26 मार्च को रामनवमी तथा 31 मार्च को महावीर जयंती के दिन शहर की सभी दुकानों में मांस विक्रय पूरी तरह बंद रहेगा। महापौर ने स्पष्ट किया है कि उक्त तिथियों पर यदि किसी दुकान में मांस बिक्री करते पाया गया तो मांस जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सफाई विभाग के सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण करेंगे।




प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 217 नए मकान स्वीकृत

# शहर के कई गरीब परिवारों का सपना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के 217 और हितग्राहियों के पक्के मकानों को स्वीकृति मिल गई है। इससे इन परिवारों के अपने घर का सपना साकार होने जा रहा है। इस उपलब्धि के पीछे महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

महापौर रामू रोहरा ने पदभार संभालते ही यह संकल्प लिया था कि नगर निगम क्षेत्र में कोई भी पात्र गरीब परिवार कच्चे मकान में रहने को मजबूर नहीं रहेगा। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। परिणामस्वरूप योजना का लाभ लगातार जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।


फाइल फोटो

निगम से मिली जानकारी के अनुसार महापौर के प्रयास से पिछले एक वर्ष के भीतर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 1008 आवासों की स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें से 425 से अधिक मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि कई मकान निर्माणाधीन हैं। अब 217 नए आवासों की स्वीकृति मिलने से शहर के कई गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य है कि हर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिले और शहर में कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



## खबर संक्षेप

### मोटर दुर्घटनाः दावाकर्ता के पक्ष में 1 करोड़ 15 लाख का अवार्ड पारित

**फरसगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर 2024 को वाहन दुर्घटना से पीड़ित की मृत्यु को गई थी। जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवादीगण से बीमा कंपनी द्वारा 1 करोड़ 15 लाख रुपए का अवार्ड पारित कर आहत / पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि दी गई। उक्त समझौता न्यायालय विक्रम प्रताप चन्द्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अधिवक्ता प्रशांत दत्ता द्वारा बीमा कंपनी के बीच समझौता करा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी द्वारा पीड़ित पक्ष को राशि 1 करोड़ 15 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही पीड़ित पक्ष को पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया।

### बकावंड में रेत का अवैध उत्खनन, पोकलेन जब्त

**जगदलपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन को रोकने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी है। शनिवार को तहसील बकावंड के ग्राम तारापुर में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में खनिज दल ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित भस्कली नदी पर दबिश दी जहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। खनिज विभाग के जांच के दौरान मौके पर रेत निकालते हुए एक पोकलेन मशीन पकड़ा। पोकलेन को विभाग ने सील कर सुपुर्दगी में ले लिया है। साथ ही उक्त प्रकरण में नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल से सहायक खनिज अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित महादेव सेठिया, देवी राम और सहदेव मौजूद रहे।

### छापरपारा में आज मनेगी भक्त माता कर्मा जयंती

**बासनवाही।** ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा में आज ग्रामीण साहू समाज द्वारा ईष्ट देवी भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली जाने वाली पारंपरिक कलश यात्रा से होगी, जिसके बाद पूजा-अर्चना और सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष चन्द्रभान साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू, जनपद सदस्य पवन नेताम, सरपंच बबिता वट्टी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पंडरीपानी निवासी 37 वर्षीय इंद्रजीत नागवंशी पिता हृदय ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसका मौत हो गई। अस्पताल से मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान उसका 11 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चेट्रीचंड पर निकलेगी दोपहिया वाहन रैली और शोभायात्रा

**भानुप्रतापपुर।** हिदू नववर्ष गुड़ी पड़वा ओर नवरात्रि के पावन आगमन के साथ ही सिंधी समाज अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेट्रीचंड हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं सुनहरे कदम महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित बैठक में इस वर्ष के कार्यक्रमों कि रुपरेखा तय की गई है। पूज्य सिंधी समाज के उपाध्यक्ष राकेश रमानी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 20 मार्च को सुबह 10 बजे बाइक रैली श्री सिद्धेश्वर झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होगी एवं बहराणा साहब की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, दोपहर डेढ़ बजें आम लंगर होगा। उत्साह के मुख्य आकर्षणो की जानकारी देते हुए समाज के सरक्षक मोहन हर्दवानी ओर आन्दराम लखानी ने बताया।

हेल्पलाइन में जिले के 20 छात्रों ने पाया समस्या का समाधान

# छात्रों ने पूछा-पढ़ाई में मन नहीं लग रहा, क्या करूं?





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बोर्ड परीक्षा समाप्त हो चुकी है। इस दौरान छात्र काफी कन्फ्यूज भी हुए। राज्य स्तरीय हेल्पलाइन से उनका बेहतर ढंग से कन्फ्यूजन दूर भी किया गया। शैक्षणिक, मनोवैज्ञानिक सहित अन्य तरीके से विशेषज्ञों ने समस्याओं का समाधान किया।

शनिवार को बोर्ड परीक्षा का समापन हुआ। अब केवल व्यावसायिक विषय का पर्चा बाकी है, यह परीक्षा जिले के सिर्फ दो केंद्रों में होगी। छात्रों की संख्या भी काफी कम रहेगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले ही छात्र दबाव में थे। छात्रों पर इस बोझ को कम करने के लिए राज्य स्तर पर हेल्पलाइन सेंटर का संचालन किया जा रहा है। हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर प्रदेशभर के छात्रों ने अपनी उलझनों का जवाब पाया। इस हेल्पलाइन में धमतरी के 20 से ज्यादा छात्रों ने कॉल कर अपनी शंका का समाधान पाया। प्रदेश स्तर पर सवालों की स्थिति देखें तो अधिकांश छात्रों ने रिजल्ट कब आएगा, नंबर तो मिल जाएगा ना, पास तो हो जाऊंगा ना जैसे सवाल पूछे। विषय विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया।

#### परीक्षा को लेकर हो रही टेंशन

धमतरी जिले के 20 से ज्यादा छात्रों ने हेल्पलाइन में कॉल कर अपनी समस्याओं का हल पाया। एक छात्र ने पूछा कि पढ़ाई में मन नहीं लग रहा क्या करूं? तो दूसरे ने पूछा कि याद नहीं रहता, याद करने का तरीका बताएं। एक अन्य छात्र ने पूछा कि परीक्षा को लेकर टेंशन हो रही है। इसके अतिरिक्त आर्गेनिक केमिस्ट्री की तैयारी, एग्रीकल्चर का ब्लूप्रिंट, धातुकर्म में प्रश्न कैसे तैयार करें, कम्प्यूटर एप्लीकेशन समझ में नहीं आ रहा है, जैसे कई प्रकार के प्रश्न पूछे।

#### आहार, विचार पर नियंत्रण की सलाह

परीक्षा के दौरान छात्र वास्तव में टेंशन में थे। हेल्पलाइन में विषय विशेषज्ञों से बात करने के बाद छात्रों को काफी राहत भी मिली है। छात्रों की टेंशन का मनोवैज्ञानिक तरीके से उपचार किया गया। इस दौरान छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ आहार, विचार को स्वस्थ रखने की सलाह दी गई, ताकि वे पढ़ाई पर फोकस कर सकें। परीक्षा के दौरान शरीर को बेहतर ढंग से मैनेज करने के तरीके भी सुझाए गए।

# डेढ़ गुना दाम में भी नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर



*__रिपोर्टर__-सर घर में शादी है, दो कमर्शियल सिलेंडर मिल जाएगा क्या ?*
*__एजेंसी कर्मचारी__-नहीं, कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी बंद है।*
*__रिपोर्टर__-सर ब्लैक में ही दे दीजिए।*
*__एजेंसी कर्मचारी__-ब्लैक में तो क्या, कार्ड लेकर आने पर भी नहीं दे सकते।*
*__रिपोर्टर__-डेढ़ गुना दाम ले लीजिए।*
*__एजेंसी कर्मचारी__-भाई कुछ दिन इंतजार कीजिए, जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




किल्लत के चलते गैस एजेंसियों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। अस्पताल सहित अन्य इमरजेंसी सेवाओं के लिए यह सिलेंडर रिजर्व रखा गया है। इन संस्थाओं को भी सिलेंडर की सप्लाई खाद्य विभाग के निर्देश पर की जाएगी।

अमेरिका-इजराइल और ईरान में तनाव के बीच पूरे देश में एलपीजी गैस की सप्लाई बाधित है। इसका असर धमतरी जिले में भी पड़ा है। सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग की खबर पुष्टि करने के लिए हरिभूमि ने कुछ गैस एजेंसियों में स्ट्रिंग आपरेशन किया। राहत की बात है कि इन एजेंसियों में ब्लैक मार्केटिंग नहीं मिली। खासकर कमर्शियल सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत मिल रही थी। कमर्शियल सिलेंडर का सीमित स्टाक सभी गैस एजेंसियों में है, लेकिन होटल, ढाबा, शादी, ब्याह सहित अन्य स्थानों के लिए इसकी सप्लाई रोक दी गई है। केवल इमरजेंसी सेवाओं के लिए यह सिलेंडर दिया जा रहा है, वह भी खाद्य विभाग की अनुमति पर।

# 'आज भी कार्यस्थल पर कई चुनौतियां मौजूद'

- फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विशेषज्ञों ने लैंगिक समानता और जागरूकता पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा 2.0) के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस कार्यस्थल पर लैंगिक सुरक्षा और पॉश अधिनियमः एक विश्लेषण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समानता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता डॉ. राजीव चौधरी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष तथा डीएसडब्ल्यू ने भारतीय परंपरा में महिलाओं के सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि आदर्शों के बावजूद आज भी कार्यस्थलों पर कई चुनौतियां मौजूद हैं। उन्होंने पॉश अधिनियम 2013 के प्रमुख प्रावधानों, यौन उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला घटना की तिथि से तीन माह के भीतर लिखित शिकायत दर्ज करा सकती है और समिति 90 दिनों के भीतर जांच पूर्ण कर अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करती है।





कार्यक्रम में डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के बावजूद महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। डॉ. प्रभा वेरूलकर ने समाज के समग्र विकास के लिए मानसिकता में परिवर्तन को आवश्यक बताया। डॉ. सपना ताम्रकर ने संविधान द्वारा प्रदत्त समान अधिकारों की जानकारी दी। वहीं डॉ. सरला द्विवेदी ने जेंडर इक्विटी और इक्वालिटी के अंतर को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयश्री रणसिंह ने किया। आयोजन सचिव मधु माधव देव ने आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर अतिथियों को सम्मानित कर सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# नई दिल्ली में होगा नाटक 'राख' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं क्रीड़ा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य से धमतरी जिले के कलाकारों का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में नाटक राख का मंचन 19 से 25 मार्च तक नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में किया जाएगा। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है।



नाटक का निर्देशन राजकुमार सिन्हा और वैभव रणसिंह ने किया है, जबकि इसकी रचना आकाशगिरी गोस्वामी और गौतम साहू ने की है। यह आयोजन विशेष रूप से शासकीय कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जाता है, जिसमें केवल सरकारी कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। कठिन प्रयास और समर्पण से टीम का गठन कर शाश्वत उपसर्ग युथ थिएटर ग्रुप ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है और राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

नाटक राख देश के विभिन्न आंतरिक और सामाजिक मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। इसमें राजकुमार सिन्हा, आकाशगिरी, गौतम साहू, वैभव रणसिंह, सोहन साहू, नटवर कन्नौज, दुष्यंत सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, देवेंद्र सिंह कामड़े, ज्योति मगर, ममता साहू, सावेन्द्रा सांडे, जयप्रकाश टांडे, वासुदेव कुंजाम और शिवकुमारी साहू जैसे कलाकार अभिनय करेंगे।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों, कर्मचारियों तथा जिले के कला एवं साहित्य प्रेमियों ने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।








मा.रूपकुमारी चौधरी
मा.ओंकार साहू
मा.विपिन साहू
मा.लेखराम साहू
मा.रंजना साहू
मा.गणेशराम साहू
मा.दयाराम साहू
मा.चंद्रभागा साहू
मा.विजय साहू
संत माता कर्मा जयंती
के अवसर पर
धमतरी छग सहित भारत भर के समस्त साहू समाजजनों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
योगेन्द्र कुमार साहू
को 34 वें जन्मदिन की
अशेष शुभकामनाएं
योगेन्द्र कुमार साहू प्रबंध संचालक
के.एल. उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह, धमतरी (छ.ग.)
के.एल. उद्यानिकी महाविद्यालय
महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा पाटन जिला दुर्ग से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त
विनीत - कन्हैया लाल साहू एवं समस्त साहू परिवार
किरणप्रभा. सुषमा-भेदूप्रसाद. टेमिन-गोविंद. मंजू-मनीष. योगेंद्र-दुर्गा. शुभ. अथर्व. व्योम. आदिश्री


मा.विपिन साहू
मा.लेखराम साहू
मा.रंजना साहू
मा.ओंकार साहू
मा.दयाराम साहू
मा.निरंजन साहू
मा.लक्ष्मीनारायण साहू
मा.रघुनंदन साहू
मा.संतराम साहू
मा.सीमांत साहू
मा.कमलेश साहू
मा.लीलाराम साहू
मा.अरूण साहू
मा.जागृति साहू
मा.विजय साहू
मा.हिरेंद्रकुमार साहू
भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव
पापमोचनी एकादशी
15 मार्च 2026 रविवार
डॉ. गणेशप्रसाद साहू
अध्यक्ष/संयोजक
अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ धमतरी
दयालुराम साहू संरक्षक
नंदकिशोर साहू संरक्षक
कृष्णाराम साहू संरक्षक
बी. आर. साहू मार्गदर्शक एवं सलाहकार
जनकराम साहू मार्गदर्शक एवं सलाहकार
घनश्याम साहू मार्गदर्शक एवं सलाहकार
देवनाथ साहू मार्गदर्शक एवं सलाहकार
महेंद्रकुमार साहू सलाहकार मार्गदर्शक
गणेशराम साहू
अध्यक्ष
जिला साहू संघ धमतरी
टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष
गजानंद साहू उपाध्यक्ष
दिनेश कुमार साहू उपाध्यक्ष
तुमनचंद साहू उपाध्यक्ष
नरेंद्रकुमार साहू उपाध्यक्ष
मनोज कुमार साहू महासचिव
भोजराम साहू सचिव
रविन्द्र साहू सहसचिव
कैलाश सोन सहसचिव
किशोर कुमार साहू संगठन सचिव
सोहनलाल साहू प्रचार सचिव
कुंजलाल साहू संयुक्त सचिव
उत्तम साहू संयुक्त सचिव
मुरारीलाल साहू संयुक्त सचिव
आत्माराम साहू संयुक्त सचिव
अशोककुमार साहू प्रचार मंत्री
नीलकंठ बनपेला कोषाध्यक्ष
झमेंद्रकुमार साहू धमतरी तहसील प्रभारी
सुरेश साहू धमतरी तहसील प्रभारी
खिलेश्वर सोनबेर मगरलोड तह. प्रभारी
कोमेश साहू कार्यकारिणी सदस्य
श्रीराम साहू कार्यकारिणी सदस्य
लच्छनलाल साहू कार्यकारिणी सदस्य
तुलसीराम साहू कार्यकारिणी सदस्य
तुकलेश साहू कार्यकारिणी सदस्य
गिरधारी साहू तहसील प्रभारी भखारा
डॉ. मंजूषा साहू संगठन सचिव
श्रीमती अहिल्या साहू महिला प्रतिनिधि
श्रीमती केकती साहू महिला प्रतिनिधि
श्रीमती पद्मिनी साहू महिला प्रतिनिधि
श्रीमती पूर्णिमा साहू महिला प्रतिनिधि
श्रीमती रंजीता साहू महिला प्रतिनिधि
विनीत : अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ, धमतरी